भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड़, नई दिल्ली–01
फोन नम्बर–011.23005700, फैक्स–011.23005787

29 नवम्बर, 2013

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद, श्री प्रकाश जावडेकर द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य

कोबरा पोस्ट के कथित स्टिंग ऑपरेशन को भारतीय जनता पार्टी खारिज करती है। भारतीय जनता पार्टी पर अर्नगल आरोप लगाने के लिए कांग्रेस इस तरह की घटिया राजनीति कर रही है। इस स्टिंग ऑपरेशन में जहां कांग्रेस का नाम आता है वहां न सुनाई दे ऐसी व्यवस्था की गई है। यही प्रमाण है कि कांग्रेस ही ऐसी घिनौनी राजनीति पर उतर आई है।

मोदी जी की लोकप्रियता से और भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे भारी जनसमर्थन से कांग्रेस घबराई हुई है। नरेन्द्र मोदी जो मुद्‌दे उपस्थित कर रहे हैं उसका जवाब कांग्रेस के पास नही है। मुद्‌दा मंहगाई का हो, सुशासन का हो या भ्रष्टाचार का हो, कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है। जहां मोदी की रैली में लाखों लोगों की भीड़ उम़ड रही है वहां कांग्रेसी नेताओं के सभा में भीड़ जुटाने के लिए कांग्रेस को बडी मेहनत करनी पड़ रही है। इससे बौखलाई कांग्रेस ने अपने डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेन्ट को सक्रिय किया है। मोदी जी और भाजपा को बदनाम करने के उदेश्य से ऐसे हथकंडे और भी अपनाये जायेंगे।

जनता में आज कांग्रेस के प्रति गुस्सा है कांग्रेस की ऐसी हरकतों से जनता का यह गुस्सा और बढेगा। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को मुद्‌दों पर चर्चा करने की फिर से चुनौती देती है।

(इंजी. अरूण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव